आज की रात तेरे नाम का गुणगान करे और कुछ आता नहीं, Bhajans Bhakti Songs

आज की रात तेरे नाम का गुणगान करे,
और कुछ आता नहीं,
आओ यही काम करे,
आज की रात तेरे,
नाम का गुणगान करे।।
तेरा नाम तेरा नाम आये मेरे काम,
साई राम साई राम बोलो बोलो साई राम।
आओ नैनन की किवड़िया से,
मन के आँगन में,
आये जो साई तो,
कुछ देर तो आराम करे,
और कुछ आता नहीं,
आओ यही काम करे,
आज की रात तेरे,
नाम का गुणगान करे।।
तेरा नाम तेरा नाम आये मेरे काम,
साई राम साई राम बोलो बोलो साई राम।
वैष्णो देवी कभी जाए,

कभी काशी में,
सुबह मथुरा में रहे,
शिरडी में हम शाम करे,
और कुछ आता नहीं,
आओ यही काम करे,
आज की रात तेरे,
नाम का गुणगान करे।।
तेरा नाम तेरा नाम आये मेरे काम,
साईं राम साईं राम बोलो बोलो साईं राम।
अपने बाबा पे तन को,
मन को और धन को वारे,
जो भी हम सेवा करे
सेवा वो निष्काम करे,
और कुछ आता नहीं,
आओ यही काम करे,
आज की रात तेरे,
नाम का गुणगान करे।।
तेरा नाम तेरा नाम आये मेरे काम,
साईं राम साईं राम बोलो बोलो साईं राम।
साईं भक्तो की तमन्ना है,
की शिरडी जाकर,
‘हयात’ साईं के,
चरणों में ही विश्राम करे,
और कुछ आता नहीं,
आओ यही काम करे,
आज की रात तेरे,

नाम का गुणगान करे।।
तेरा नाम तेरा नाम आये मेरे काम,
साईं राम साईं राम बोलो बोलो साईं राम।

आज की रात तेरे नाम का गुणगान करे,
और कुछ आता नहीं,
आओ यही काम करे,
आज की रात तेरे,
नाम का गुणगान करे।।
तेरा नाम तेरा नाम आये मेरे काम,
साई राम साई राम बोलो बोलो साई राम।

Source: https://www.bharattemples.com/aaj-ki-raat-tere-naam-ka-gungaan-karen/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw